कालिन्दीपुरममें माफिया अतीकके फाइनेंस मैनेजरका कार्यालय ध्वस्त

पीडीए की कारवाईका परिजनोंने किया विरोध, नोकझोंक



कालिन्दीपुरम में शुक्रवार को माफिया अतीक अहमद के फाइनेंस मैनेजर एवं बहन के दामाद खालिद जफर का कार्यालय पीडीए ने ढहा दिया। इस दौरान विरोध पर भी किया गया पर पीडीए ने कारवाई नहीं रोकी।

पीडीए के जोनल अधिकारी सूरज पटेल के नेतृत्व में जोन दो में अवैध प्लाटिंग एवं अवैध निर्माण के खिलाफ की गयी कारवाई के क्रम में पीडीए टीम ने शद्दाब चौराहा कालिन्दीपुरम में खालिद जफर द्वारा प्राधिकरण की भूमि लगभग १५० वर्गमीटर से अधिक पर बना रियल स्टेट आफिस को ध्वस्त कर दिया। कारवाई के दौरान खालिद जफर के परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया।

उनका कहना था कि परिवार में जमीन का बंटवारा नहीं हुआ है और जमीन से जुड़ा मामला कोर्ट में चल रहा है। इसको लेकर मौके पर परिवार के लोगों और अधिकारियों के बीच बहस भी हुई। पीडीए ने कहा कि १६ दुकानों में से १४ को लेकर कोर्ट में मामला लंबित है, जबकि खालिद जफर के कार्यालय वाली दो दुकानों पर कोई मामला अदालत में विचाराधीन नहीं है। इसके बाद खालिद जफर की शाह उर्फ पीपलगांव में करीब आठ बीघे में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसी तरह भीटी असदुल्लापुर शाह उर्फ पीपलगांव में डा.कमरान, जिशान उर्फ जून, मो. नूह द्वारा करीब १० बीघा की भूमि पर किये गये अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। जिसके बाद रावतपुर यूनाइटेड मेड सिटी के सामने फैज मकसूद, मकबूल द्वारा करीब आठ बीघा की भूमि पर किये गये अवैध प्लाटिंग ढहा दी गयी। जोनल अधिकारी के अनुसार प्राधिकरण लगातार अवैध निर्माण या अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कारवाई करता रहेगा। इसलिए ऐसे लोग प्रयागराज विकास प्राधिकरण क्षेत्र में नक्शा स्वीकृत कराकर ही विकास कार्य करायें और अन्य लोग किसी भी अवैध कालोनी में भूखण्डों का क्रय-विक्रय न करें।

कारवाई में अवर अभियंता ई. विनोद कुमार गुप्ता, पीडीए लेखपाल, सुपरवाइजर, धूमनगंज एवं एयरपोर्ट थाने की फोर्स और पीडीए प्रवर्तन टीम आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध खातेसे आये दो लाख रुपये, मुकदमा

रकम भेजने वालेसे नहीं हो सका संपर्क

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के बैंक खाते में बिना किसी जानकारी के २.०१ लाख रुपये ट्रांसफर होने का मामला सामने आया है। रकम संदिग्ध प्रतीत होने पर खाताधारक ने सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज करायी है।

न्यू सोबितियाताबाग निवासी अमृतलाल का सिविल लाइंस स्थित एक बैंक की शाखा में बचत खाता है। १८ सितंबर को उनके खाते में एमआईपीएस के जरिए पहले १०० रुपये और फिर दो लाख रुपये ट्रांसफर हुए। खाते में रकम आने की जानकारी होने पर उन्होंने बैंक शाखा से संपर्क किया। बैंक से पता चला कि दोनों रकम अखिलेश मिश्रा के खाते से एमआईपीएस के जरिए भेजी गई हैं। उन्हें रकम भेजे जाने के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। बैंक से मिले मोबाइल नंबरों पर कई बार फोन कर रकम ट्रांसफर करने का कारण जानने का प्रयास किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई इसके बाद अमृतलाल ने २,००,१०० रुपये की धनराशि को संदिग्ध बताते हुए पुलिस से मामले की जांच और आवश्यक विधिक कार्रवाई की मांग की। सिविल लाइंस पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगरके दर्जनों मोहल्लोंमें बिजली संकट, लोग परेशान

फाल्ट एवं मरम्मत कार्यके चलते रही दिक्कत

न्यू खुसरोबाग विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े बैदनटोला फीडर की ११ केवी बिजली लाइन में सुबह आग लगने से घंटों बिजली की दिक्कत बनी रही है। सूचना मिलने पर मौके पर कर्मचारियों ने पहुंचकर मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल किया। मंसूर पार्क फीडर से जुड़े मोहल्लों में फाल्ट के चलते घंटों बिजली संकट बना रहा है। वहीं मरम्मत कार्य के चलते दर्जनों मोहल्लों सलोरी, गोविंदपुर, तेलियरगंज, छोटा बघाड़ा, सोहबतियाबाग, अल्लापुर, अलोपीबाग में बिजली आपूर्ति बाधित रही है। इसके अलावा बैरहाना, रामबाग, गऊघाट, मुट्ठीगंज, कटघर, कीडगंज, कल्याणी देवी, अतरसुइया, रानीमंडी में बिजली लाइनों के टिपिंग के चलते लोग परेशान रहे है। लोगों का कहना रहा है कि त्योहारों के शुरू होने से पहले बिजली विभाग का निरंतर मरम्मत का कार्य चलता रहता है। इसके बावजूद समस्या ज्यों कि त्यों बनी रहती है। सबसे अधिक समस्या थोड़ी गर्मी बढ़ते ही बिजली लाइनों के ट्रिपिंग का सिलसिला बढ़ जाता है।

बिजली के आये दिन होने फाल्ट के चलते नगर के गली मोहल्लों में लोग परेशान रहते हैं। वहीं अब अब आगामी त्योहारों को लेकर बिजली के चलने वाले मरम्मत के कार्य के चलते दुश्वारियां बढ़ी हुई है। सुबह अचानक विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों में ग्यारह बजते ही बिजली कटौती हो जाती है। इसके बाद बिजली कब आयेगी, यह बताने वाला कोई नहीं होता है। उमस भरी गर्मी मे बेहाल होने पर लोग फोन कर उपकेन्द्रों पर हाल लेने की कोशिश करते हैं तो कर्मचारियों द्वारा जरूरी मरम्मत के कार्य का हवाला दिया जाता है। इस दौरान सुबह से शाम तक लोग पानी की किल्लत से जूझते रहते है।

डिजिटल युगमें युवा शक्तिको गांधीके विचारोंसे जोड़ना जरूरी - सुधीर प्रकाश

डिजिटल युग में युवा शक्ति को महात्मा गांधी के विचारों से जोड़ना जरूरी है। तकनीक का उपयोग समाज और राष्ट्र के हित में होना चाहिए। युवाओं को गांधी के विचारों से प्रेरणा लेकर संयम, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को जीवन में अपनाना चाहिए। यह बातें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. सुधीर प्रकाश ने शुक्रवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के गांधी विचार एवं बौद्ध शांति अध्ययन केंद्र में आयोजित गांधी जयंती समारोह एवं विचार गोष्ठी में कहीं।

'डिजिटल युग में युवा शक्ति और महात्मा गांधी' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. सुधीर प्रकाश ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने युवाओं के लिए नए अवसर पैदा किए हैं, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी हैं। ऐसे में तकनीक का सकारात्मक और जिम्मेदार इस्तेमाल जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. मनमोहन कृष्ण ने की। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति के साथ मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक मूल्यों और नैतिक दृष्टिकोण को बनाए रखना भी आवश्यक है। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी मंडपम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की १२२वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर प्रकाश ने गांधी कृषि एवं औषधि उद्यान में काली मिर्च और प्रो. मनमोहन कृष्ण ने तेजपत्ता के पौधे का रोपण किया। अधिष्ठाता विद्यार्थी कल्याण प्रो. सूर्यभान सिंह ने उपस्थित लोगों को 'स्वच्छता ही सेवा' की शपथ दिलाई। केंद्र के समन्वयक डॉ. अविनाश कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत, विषय प्रवर्तन और संचालन किया। सहायक आचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार ने आभार जताया।

ट्रिपल आईटी में शिविरमें बताया गया रक्तदानका महत्व

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद में मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय, प्रयागराज के सहयोग से संस्थान परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन संस्थान के कुलसचिव प्रो. मंदार एस. कार्यकर्ते ने रक्तदान करके किया। इस अवसर पर लगभग ७० यूनिट रक्तदान हुआ।

इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकगण, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर के माध्यम से रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने का संदेश दिया। संस्थान स्वास्थ्य केन्द्र के डा. अशोक कुमार, डाक्टर आदर्श दूबे, डाक्टर अमन धर, डाक्टर कौशलेश द्विवेद्वी, प्रिया पाल, ब्लेसी एनीशजू, मो. इजहार, जयभूषण त्रिपाठी, विनोद पाठक तथा मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय, प्रयागराज के डा. श्रेया वर्मा, साधना सिंह, कुलदीप सिंह, वृजेश कुमार पाण्डेय, अवधेश कुमार, सुनील कुमार पाण्डेय, रमाकांत यादव, अजय कुमार रहे। संस्थान स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डा. बी.एस. संजीव, कपिल श्रीवास्तव और बिनोद नारायण त्रिपाठी ने रक्तदान शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

भागवत मृत्युको भी महोत्सव बना देती है-बटुक महाराज



प्राचीन श्री दधिकांदो मेला कमेटी कृष्णानगर त्रिवेणी मार्ग कीडगंज की ओर से श्री ज्ञान पुस्तकालय के प्रांगण में चल रही भागवत कथा के तृतीय दिवसपर बटुक महाराजने पितृपक्ष में भागवत कथा सुनने के विषय पर वर्णन करते हुए भक्तों से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मृत्यु को महोत्सव बनाने की कथा है, जो मनुष्य को सत्य का बोध कराती है और मृत्यु से निर्भय बनाती है। कथा में देवहुती कपिक संवाद एवं सती चरित्र का प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा की आरती भाजपा जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, महापौर, पूर्व पार्षद सविता केसरवानी, राजेश केसरवानी, डा. एलएस ओक्षा, राबिन साहू, पप्पू केसरवानी, सुभाष चंद्र वैश्य आदि भक्तों ने की।

तीन मांगें मानीं, फिर भी नहीं टूटा छात्रोंका आमरण अनशन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों का आंदोलन पांचवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से तीन मांगें स्वीकार किए जाने के बावजूद छात्रों ने आमरण अनशन खत्म नहीं किया। छात्रों का कहना है कि जब तक स्वीकार की गई मांगों की लिखित सूचना नहीं दी जाती और अस्थायी प्रॉक्टर को हटाकर स्थायी प्राक्टर की नियुक्ति नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आमरण अनशन पर छात्र नेता आयुष महात्मा, और आशुतोष मौर्या बैठे हैं। छात्रों के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने आंदोलन के दौरान निलंबित किए गए छात्रों का निलंबन वापस लेने, केंद्रीय पुस्तकालय को सुबह छह बजे से खोलने और छात्रसंघ भवनको विश्वविद्यालय के आधिकारिक धरना स्थल के रूप में चिह्नित करने की मांग मान ली है। छात्रसंघ भवन को धरना स्थल घोषित किए जानेकी सूचना भी जारी कर दी गई है। वहीं, निलंबन वापसी और केंद्रीय पुस्तकालय खोलनेके संबंध में लिखित सूचना सोमवार तक देने का आश्वासन प्रशासन ने दिया है। छात्रनेता प्रियांशु विद्रोही ने कहा कि प्रशासन ने तीन मांगें स्वीकारकी हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासनकी विश्वसनीयता को लेकर छात्रों में सवाल हैं। इसलिए सभी स्वीकार की गई मांगों की लिखित सूचना जारी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्थायी प्रॉक्टर को तत्काल हटाकर स्थायी प्रॉक्टर की नियुक्ति की मांग पूरी होने के बाद ही आंदोलन खत्म करने पर विचार किया जाएगा। मांगें पूरी नहीं होने पर आमरण अनशन जारी रखने के साथ हाईकोर्ट जाने की चेतावनी भी दी। गुरुवार को तबीयत बिगड़ने पर चार अनशनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वर्तमान में आशुतोष और आयुष आमरण अनशन पर हैं।

प्रयागराज जंक्शनपर नुक्कड़ नाटकमें दिया स्वच्छताका संदेश

कोर ने निकाली प्रभात फेरी एवं स्वच्छता रथ, किया पौधरोपण

स्वच्छता पखवाड़ा-२०२६ के अंतर्गत आज प्रयागराज जंक्शन पर स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष स्वच्छता अभियान राष्ट्रीय थीम 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' के तहत आयोजित किये जा रहे हैं।

कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य रेलकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनकी तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्वच्छता, कचरे के उचित निस्तारण, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने तथा आमजन की सहभागिता के संबंध में प्रभावी संदेश दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक-सामान्य दीपक कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक-इन्फ्रा धनंजय कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल पर्यावरण एवं रखरखाव प्रबंधक विक्रम सिंह कोली सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, रेलकर्मी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर), प्रयागराज में 'स्वच्छता ही सेवा-२०२६' अभियान एवं महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से स्वच्छता रथ के साथ प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी का आरंभ महाप्रबंधक, कोर अशोक कुमार वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर किया। प्रभात फेरी के समापन के उपरांत 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत महाप्रबंधक, कोर अशोक कुमार वर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-डाक्टर एस एस नेगी, प्रमुख मुख्य इंजीनियर जे सी चौरसिया, मुख्य बिजली इंजीनियर (कार्य)-अर्पण कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। 'स्वच्छता ही सेवा-२०२६' अभियान के अंतर्गत आम जन-मानस में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु महाप्रबंधक द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रथ को रवाना किया गया।

त्रिवेणी विहार रेलवे कालोनी, जीपीओ-रेलवे कालोनी, राजापुर-रेलवे कालोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता रथ के माध्यम से स्वच्छता के प्रति सजग रहने तथा अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाये रखने का संदेश दिया गया।

रबी फसलोंकी उन्नत फसलोंके लिए किसानोंको दिये टिप्स

किसानों को आगामी रबी सीजन की रणनीतियों के बारे में चर्चा शुरू कर दी है। जिसमें सरसों की खेती और उन्नत तकनीक पर किसानों में चर्चा हो रही है। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय सहित तहसीलों आदि में विशेषज्ञों से जानकारी ले रहे है। जिसमें रबी सीजन में सरसों की खेती पर विशेष जोर दिया जा रहा है। किसानों को शुद्ध तेल की उपलब्धता और अपनी आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से अधिक रकबे में सरसों बोने की सलाह दी जा रही है। विशेषज्ञ किसानों से चना, मटर और गेहूं की वैज्ञानिक पद्धति से खेती, बीज शोधन, बीजों के सही चयन तथा सल्फर व डीएपी के समुचित इस्तेमाल के बारे में तकनीकी जानकारी साझा कर रहे है। कृषि के अलावा आय के अन्य साधन जुटाने के लिए पशुपालन, बकरी पालन, मछली पालन और मुर्गी पालन जैसे अतिरिक्त विकल्पों को अपनाने के तरीके सीख रहे है। कृषि विशेषज्ञों से उन्नत बीज और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी ले रहे है। सरकार की कृषि कल्याण योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। किसानों को समझाया जा रहा है कि सब्सिडी आधारित गेहूं, सरसों, चना और मटर के बीज राजकीय कृषि बीज भंडार तथा एग्री जंक्शन केंद्र पर उपलब्ध हैं। विशेषज्ञ सरसों की एक उन्नत प्रजाति के बारे में जानकारी दे रहे है। जिससे किसानों को ४० से ४२ प्रतिशत तक तेल प्राप्त हो सके और खेती के रकबे से पैदावार भी अधिक हो सके।

मण्डीमें सिंघाड़ाकी आवक कम, बिका महंगा

मुण्डेरा मण्डी में सिंघाड़ा की आवक कम है। जिसके कारण मण्डी में सिघाड़ा का भाव चढ़ा हुआ है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में ठेलों पर सिघाड़ा बिकने लगा है। सिंघाड़ा के शौकिन लोग महंगा होने के बावजूद खरीद रहे है। शुक्रवार को मण्डी में लाल सिंघाड़ा भी आया और हरा भी। जिससे व्यापारियों को अपनी पसंद का सामान खरीदने का मौका मिला। हालांकि लाल सिंघाड़ा ४० रुपये प्रति किलो रहा वहीं हरा ३८ रुपये प्रति किलो बिका। हर आढ़त पर गुणवत्ता के आधार पर सामान के भाव में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मण्डी में सब्जियों की आवक कम होने से भाव भी चढ़ा रहा। थोक बाजार में हरी धनिया ८० रुपये प्रति किलो तक बिकी। गोला बैगन रु ४० प्रति किलो, टमाटर रु ३५ प्रति किलो, शिमला मिर्च रु ६० प्रति किलो, गोभी रु २५ से ४० प्रति नग, कुन्दरू रु ४० प्रति किलो, मूली रु ४० प्रति किलो, बोड़ा रु ५० प्रति किलो, सोवा रु १०० प्रति किलो, परवल रु ११० प्रति किलो, कद्दू रु ३० प्रति किलो, अदरक रु १३० प्रति किलो रहा। प्याज रु ४० ये ४५ प्रति किलो, आलू सफेद रु ९०० से लेकर हालैण्ड रु १४०० कुंतल तक बिका। लहसून रु १४० प्रति किलो तक थी। लगातार दो सौ रुपये प्रति किलो तक बिकने वाला नींबू अब १५० रुपये प्रति किलो में अच्छी गुणवत्ता का मिलने लगा है।

त्योहारोंपर चलेंगी पांच जोड़ी विशेष ट्रेनें

आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व-२०२६ के अवसर पर यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए मध्य रेलवे द्वारा विभिन्न मार्गों पर पांच जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन किया जायेगा। गाड़ी संख्या ०११२३ और ०११२४ लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मऊ द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी चलेगी। गाड़ी सं ०११२३ लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को ११ अक्तूबर से २० नवम्बर तक कुल १२ फेरे और गाड़ी सं ०११२४ मऊ से प्रत्येक मंगलवार एवं रविवार १३ अक्तूबर से २२ नवम्बर तक कुल १२ फेरे लगायेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या ०१४३१ और ०१४३२ हडपसर-गाजीपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी सं ०१४३१ हडपसर से प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार १३ अक्तूबर से २० नवम्बर तक कुल १२ फेरे और गाड़ी सं ०१४३२ गाजीपुर सिटी से प्रत्येक रविवार एवं गुरुवार १५ अक्तूबर से २२ नवम्बर तक कुल १२ फेरे लगायेगी। गाड़ी संख्या ०१०७९ और ०१०८० छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर दैनिक विशेष का संचालन होगा। गाड़ी सं ०१०७९ छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से प्रतिदिन,१६ अक्तूबर से १६ नवम्बर तक कुल ३२ फेरे तथा गाड़ी सं ०१०८० गोरखपुर से, प्रतिदिन १८ अक्तूबर से १८ नवम्बर तक कुल ३२ फेरे लगायेगी। गाड़ी संख्या ०१४१५ और ०१४१६ हडपसर-गोरखपुर दैनिक विशेष: गाड़ी संख्या ०१४१५ हडपसर से प्रतिदिन १६ अक्तूबर से १६ नवम्बर तक कुल ३२ फेरे और गाड़ी संख्या ०१४१६ गोरखपुर से १७ अक्तूबर से १७ नवम्बर तक कुल ३२ फेरे लगायेगी। गाड़ी संख्या ०१०५१ और ०१०५२ लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस द्वि-साप्ताहिक विशेष: गाड़ी संख्या ०१०५१ लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार १४ अक्तूबर से नौ नवम्बर तक कुल १२ फेरे एवं गाड़ी संख्या ०१०५२ बनारस से प्रत्येक गुरुवार एवं शुक्रवार १५ अक्तूबर से २० नवम्बर तक कुल १२ फेरे लगायेगी।

स्वच्छता सभीकी सामूहिक जिम्मेदारी-डा.नीलम सिंह

गांधी जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को एसआरएन अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. नीलम सिंह ने किया। मरीजों की सेवा एवं अस्पताल की व्यवस्था में जुटे रहने वाले डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, एवं अन्य कर्मचारियों के साथ सीएमएस ने हांथ में झाडू थामकर इस स्वच्छता अभियान की कमान संभाली। इस दौरान अस्पताल परिसर के अलग-अलग हिस्सों में साफ-सफाई की गयी। परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने का सामूहिक प्रयास किया गया। इस अवसर पर सीएमएस ने कहा कि अस्पताल ऐसा संवेदनशील स्थान है, जहां सफाई की अहमियत सामान्य जगहों से कहीं अधिक बढ़ जाती है। यहां मरीज, तीमारदार एवं चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी लगातार मौजूद रहते हैं। ऐसे में अस्पताल परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर नर्सिंग कालेज की प्राचार्या जया कुमारी जायसवाल, सीनियर नर्सिंग आफिसर किरण, उषा किरन, शांति, रेखा, अर्चना तिवारी, जागृति सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य मौजूद रहे।

सपाइयों ने राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्रीको किया नमन



राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शुक्रवार को सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।

दोनों महापुरुषों के चित्र पर फूल माला अर्पित कर उनके विचारों, आदर्शों, सिद्धांतों की चर्चा करते हुए कहा गया कि इन महापुरुषों के विचार आज़ भी प्रासंगिक हैं। देश वासियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, यमुनापार महसचिव इंजी जगदीश यादव, रविंद्र यादव एडवोकेट, विधायक संदीप पटेल, कृष्ण मूर्ति सिंह, महबूब उस्मानी, दान बहादुर मधुर आदि मौजूद रहे।

महात्मागांधीके विचारोंको जन-जन तक पहुंचानेका लिया संकल्प

आप कार्यालयमें संगोष्ठीमें जुटे कार्यकर्ता

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आम आदमी पार्टी कार्यालय में मनी। कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के आदर्शो को अपनाने तथा समाज में आपसी भाईचारा, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया।

संगोष्ठी में शामिल लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सत्य, अहिंसा, समानता और स्वराज के विचारों को याद किया गया। वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विचारों एवं उनके बताए मार्ग पर चलने के साथ ही लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और गांधी जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। श्रम प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अंजनी मिश्र, सौरभ सिंह, अरुण कुशवाहा, कमल किशोर मिश्रा, रितेश सिंह, नीतू कनौजिया, रवींद्र श्रीवास्तव, बसंत लाल बागी, अर्पित साहू, मेजा धर्मेंद्र कुमार आदि रहे।

न्यायिक कर्मचारियोंने निकाली तिरंगा यात्रा

(विधि संवाददाता)



दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शुक्रवार को जिला शाखा प्रयागराज की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर गांधी जयंती पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने किया। बड़ी संख्या में न्यायिक कर्मचारी यात्रा में शामिल हुए और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। संघ के शाखा अध्यक्ष एलबी पांडेय ने बताया कि वर्ष २०२१ एवं २०२२ से लंबित जिला न्यायालय सेवा नियमावली के संशोधन के प्रख्यापन, न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संविदा कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि एवं नियमितीकरण, जनपद न्यायालयों में समाप्त हो चुके वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद के पुनसृजन, पूर्व में ४६०० ग्रेड-पे वाले लिमिटेड कर्मचारियों को विभाग के अन्य राजपत्रित कर्मचारियों के समान प्रतिष्ठा प्रदान करने तथा मकान किराया भत्ता की दरोंके पुनरीक्षणकी मांग लंबे समय से शासन स्तरपर लंबित है। संघ के अनुसार न्यायिक कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन के तहत गांधी जयंती पर तिरंगा यात्रा निकालकर सरकार के समक्ष मांगें रखी गईं। प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि यदि मांगों का समाधान नहीं किया गया तो २५ अक्तूबर को प्रदेशभर के जनपद न्यायालय कर्मचारी लखनऊ पहुंचकर सत्याग्रह में शामिल होंगे। इस अवसरपर उमेश कुमार, अभिषेक कुमार, राकेश कुमार, संजीव त्रिवेदी, अमोघ राज भारद्वाज, साधन श्रीवास्तव, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

आराधनाके प्रदेश अध्यक्ष बननेपर कांग्रेसियोंमें हर्ष

प्रतापगढ़ के रामपुर खास से विधायक एवं राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी की बेटी आराधना मिश्रा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाये जाने से स्थानीय कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यूपी कांग्रेस के नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की। आराधना मिश्रा मोना को प्रदेश अध्यक्ष बनाने के निर्णय का कांग्रेसियों ने स्वागत किया है। प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी ने कहा कि प्रदेश में लगातार ब्राह्मण, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर मोना ने सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी। हर्ष व्यक्त करने वालों में सर्वश्री विवेकानन्द, हरिकेश त्रिपाठी, मनोज पासी, मोहम्मद हसीन, दीपचन्द्र शर्मा अरशद अली, शकील आदि लोग शामिल रहे।

सपा के 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियानका आगाज

लोकतंत्र एवं संविधानकी रक्षाके लिए पूरी ताकतसे जुटनेका किया आवाहन



समाजवादी पार्टी ने पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापक स्तर पर 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' का आगाज कर दिया। इसी के तहत शुकवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर सपा नेताओं ने बताया कि दो अक्तूबर से लेकर आठ अक्तूबर तक चलने वाले इस जन-आंदोलन के तहत प्रदेश के सभी जिलों में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च एवं जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारतीय निर्वाचन आयोग जैसी स्वतंत्र संवैधानिक संस्था पर सत्ता पक्ष द्वारा किए जा रहे संस्थागत कब्जे को रोकना, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाना, उन पर कानूनी मुकदमा चलाना और उनकी त्वरित गिरफ्तारी की मांग करना है। नेताओं ने बताया कि समाजवादी पार्टी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हो रही 'वोट चोरी' तथा जन-जनादेश के हनन के विरुद्ध इस संघर्ष को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कहा कि इसी रणनीति के प्रथम दिन लोकतंत्र विरोधी गतिविधियों का पर्दाफाश किया जा रहा है। इसके बाद दूसरे दिन प्रदेश की सभी विधानसभाओं के स्तर पर संघटनात्मक बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट कर भविष्य की रणनीति तय की जा सके। तीसरे दिन पार्टी की ओर से जिला स्तर पर एक विशाल एवं शांतिपूर्ण 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च का आयोजन किया जाएगा, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा अथवा जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय तक पहुंचेगा। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के मार्गदर्शन में प्रयागराज जिले की हर विधान सभाओं के पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने और देश के लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया गया है। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, यमुनापार महासचिव इंजी.जगदीश यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, संदीप पटेल, श्रीमती गीता शास्त्री, पूर्व विधायक हाजी मुजतबा सिद्दीकी, अमर नाथ मौर्य, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, महानगर महासचिव रविंद्र यादव एडवोकेट, मो. शारिक, दीनानाथ यादव, जयशंकर भारती आदि मौजूद रहे।

श्रद्धालुओंने षष्ठी-सप्तमीपर किया श्राद्ध एवं तर्पण

संगम तटपर शुक्रवारको श्रद्धालुओं ने पितृपक्ष की षष्ठी एवं सप्तमी पर पितृकर्म, श्राद्ध एवं तर्पण किया। श्रद्धालुओं ने उन पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए कर्मकांड किया, जिनका देहांतक्रम के अनुसार आश्विन कृष्ण पक्ष की षष्ठी या सप्तमी तिथि को हुआ था।

बता दें कि हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष षष्ठी और सप्तमी तिथि एक ही दिन दो अक्तूबर को पड़ी, जिसके चलते श्रद्धालुओं ने संगम के घाटों पर पहुंचकर एक साथ दोनों तिथियों के पितृ कर्म, पिंडदान और तर्पण अनुष्ठान पूरे किये।षष्ठी श्राद्ध (छठ श्राद्ध) मृत्यु को प्राप्त हुए पितरों के निमित्त होती है और सप्तमी श्राद्ध संसार छोड़ने वाले पूर्वजों के लिए समर्पित है। तीर्थ पुरोहितों के मंत्रोच्चार के बीच गंगा-यमुना के पवित्र जल में डुबकी लगाकर पितरों की शांति की कामना की गई। जिस किसी परिवार में अलग-अलग सदस्यों की मृत्यु षष्ठी और सप्तमी तिथि को हुई उनके घरवाले उक्त निर्धारित तिथियों पर पिंडदान, तर्पण और ब्राह्मण भोजन कराया। डा. पवन शुक्ला के अनुसार तीन अक्तूबर को अष्टमी का श्राद्ध तथा जीवत् पुत्रिका व्रत होगा। इसी क्रम में चार को मातृनवमी तथा श्राद्ध, पांच को दशमी का श्राद्ध, छह को एकादशी श्राद्ध, सात को कोद्वादशी श्राद्ध तथा यतक संन्यासी वैष्णव का श्राद्ध और मघा नक्षत्र कि श्राद्ध, आठ को त्रयोदशी श्राद्ध, नौ को चतुर्दशी श्राद्ध और दस को पितृ विसर्जन होगा।

जीवित्पुत्रिका व्रत आज, मातृ नवमी कल

पितृपक्ष की अष्टमी पर जीवित्पुत्रिका (जितिया) व्रत तीन अक्तूबर और मातृ नवमी चार अक्तूबर को होगी। जीवित्पुत्रिका व्रत निर्जला उपवास माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और मंगल कामना के लिए रखेगी। इस दिन माताएं बिना अन्न और जलके पूरा दिन उपवास रखती हैं और जीमूतवाहन भगवानकी पूजा करती हैं। चार अक्तूबरको सूर्योदयके बाद वह व्रतका पारण करेंगी। इसी क्रममें मातृ नवमी (पितृपक्ष की नवमी) चार अक्तूबर को होगी। जो परिवारकी दिवंगत महिलाओं और माताओं को समर्पित होती है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३३९)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।